उत्तर प्रदेश शासन
प्रशासनिक सुधार अनुभाग-1
संख्या-29/2015/943/43-1-2015-14(41)/2006
लखनऊ : दिनांक 18 सितम्बर, 2015
कार्यालय-ज्ञाप

उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग के गठन से सम्बन्धित अधिसूचना संख्या-856/43-2-2005-15/2(2)/2003 टीसी-6, दिनांक 14 सितम्बर, 2005 के अनुक्रम में उत्तर प्रदेश सूचना आयोग के सुचारू कार्य संचालन हेतु संलग्न सूची में उल्लिखित 40 अस्थाई पदों को उनके नाम के सम्मुख अंकित वेतनमानों में दिनांक 29-2-2016 तक सृजित करने की श्री राज्यपाल महोदय इस शर्त के साथ सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है कि ये पद निर्दिष्ट तिथि से पूर्व भी बिना किसी सूचना के समाप्त किए जा सकते हैं।

2- उक्त नव सृजित पद भरे जाने की तिथि अथवा आदेश जारी होने की तिथि से जो भी बाद में हो, सृजित माने जाएगें।

3- जब तक सेवा नियमावली प्रख्यापित न हो जाए तब तक ये पद प्रतिनियुक्ति/सेवानिवृत्त कार्मिकों/सेवा प्रदाता एजेन्सी द्वारा भरे जाये।

4- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2015-16 के अनुदान संख्या-46 के लेखाशीर्षक-2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-800-अन्य व्यय-आयोजनेत्तर-03-उत्तर प्रदेश सूचना आयोग का गठन से सम्बन्धित सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जाएगा।

5- यह आदेश वित्त विभाग के अ0सं0-ई-9-331/दस-2015, दिनांक 16 सितम्बर, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किए जा रहे हैं।

एस0एन0 शुक्ल
प्रमुख सचिव।

संख्या-29/2015/943(1)/43-1-2015 दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु पेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- मुख्य सूचना आयुक्त, उ0प्र0, राज्य सूचना आयोग, लखनऊ।
4- सचिव, उ0प्र0, राज्य सूचना आयोग, लखनऊ।
5- रजिस्ट्रार, मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद/लखनऊ खण्डपीठ, लखनऊ।
6- निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
7- वित्त एवं लेखाधिकारी, उ0प्र0, राज्य सूचना आयोग, लखनऊ।
8- वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1/2/वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-9
9- नियुक्ति अनुभाग-4
10- कार्यालय आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से,

भवेश रंजन
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

कार्यालय ज्ञाप संख्या-29/2015/943 /43-1-2015-14(41)/2006, दिनांक 18 सितम्बर, 2015 का संलग्नक।

| क्रम संख्या | पदनाम | स्वीकृत पदों की संख्या | वेतनमान / ग्रेड वेतन | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1- | संयुक्त रजिस्ट्रार | 01 | यह पद न्यायिक सेवा का होगा, अतः यह अपने संवर्ग के अनुसार वेतनमान में होंगे। | नियमित |
| 2- | उप रजिस्ट्रार | 01 | यह पद न्यायिक सेवा का होगा, अतः यह अपने संवर्ग के अनुसार वेतनमान में होंगे। | नियमित |
| 3- | शोध अधिकारी | 01 | 15600-39100 / 5400 | नियमित |
| 4- | कम्प्यूटर प्रोग्रामर ग्रेड-2 | 01 | 9300-34800 / 4600 | नियमित |
| 5- | वैयक्तिक सहायक ग्रेड-2 | 12 | 9300-34800 / 4200 | नियमित |
| 6- | वरिष्ठ लेखा परीक्षक | 01 | 9300-34800 / 4200 | नियमित |
| 7- | वरिष्ठ सहायक (नायब नाजिर) | 01 | 5200-20200 / 2800 | नियमित |
| 8- | कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड-बी) | 01 | 5200-20200 / 2800 | आउटसोर्सिंग |
| 9- | कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड-ए) | 02 | 5200-20200 / 2400 | आउटसोर्सिंग |
| 10- | कनिष्ठ सहायक | 06 | 5200-20200 / 2000 | नियमित |
| 11- | वाहन चालक | 01 | 5200-20200 / 1900 | आउटसोर्सिंग |
| 12- | अनुसेवक | 09 | 5200-20200 / 1800 | आउटसोर्सिंग |
| 13- | फर्राश | 01 | 5200-20200 / 1800 | आउटसोर्सिंग |
| 14- | बन्डल लिफ्टर | 02 | 5200-20200 / 1800 | आउटसोर्सिंग |
| | योग - | 40 | | |

भवेश रंजन
उप सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in/

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।